हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 3 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.6 डिग्री
न्यूनतम 13.9 डिग्री

11 प्रदेशभर के 70 कवियों ने अपनी रचनाओं से ...



12 राज्यपाल ने किया सिल्वर मेडल विजेता गुलशन ...



## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।
- इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी की आक्रोश यात्रा सुबह दस बजे।

**बिजली कट**

- सुबह दस बजे से दो बजे तक

11 केवी सेक्टर दो

## शुद्ध पानी मिलना चुनौती : वार्ड 7 की कई कॉलोनियों में दूषित पेयजल, पार्षद कर चुके शिकायतें

# खराब पाइप लाइनें बनीं मुसीबत हो रही दूषित पानी की सप्लाई

### विभाग के निरीक्षण के बावजूद नहीं हुई मरम्मत

*लाढ़ौत रोड, शास्त्री नगर, बसंत विहार, किला मोहल्ला, अशोक नगर, साईदास कॉलोनी, संजय नगर, गुरुनानकपुरा, तेज कॉलोनी आदि एरिया में दूषित पेयजल की समस्याएं बनी हुई हैं। लोगों का कहना है कि जल आपूर्ति व्यवस्था दशकों पुरानी है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के पुराने इलाकों में पेयजल की स्थिति दिनों-दिन बिगड़ती जा रही है। जर्जर पाइपलाइनें अब लोगों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी हैं। नलों से गंदा और बदबूदार पानी आने से लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। समस्या की शिकायतें लगातार जन स्वास्थ्य विभाग तक पहुंच रही हैं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। मजबूरन लोग अब शुद्ध पानी के लिए कैन और बोतलों का सहारा ले रहे हैं। लाढ़ौत रोड, शास्त्री नगर, बसंत विहार, किला मोहल्ला, अशोक नगर, साईदास कॉलोनी, संजय नगर, गुरुनानकपुरा, तेज कॉलोनी आदि एरिया में दूषित पेयजल की समस्याएं बनी हुई हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुराने शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था दशकों पुरानी है।

पाइप लाइनें जगह-जगह से टूटी हुई हैं, जिनसे सीवर का पानी मिलकर सप्लाई तक पहुंच जाता है। बारिश या जलभराव की स्थिति में समस्या और बढ़ जाती है। घरों में आने वाले पानी से बदबू आती है और रंग मटमैला हो जाता है। कई बार तो पानी इतना दूषित होता है कि लोग उसे धोने या नहाने में भी इस्तेमाल नहीं कर पाते।



### चार माह से कर रहे शिकायत: पार्षद



चार माह से हमारे वार्ड के कई एरिया में दूषित पेयजल आ रहा है। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दर्जनों बार शिकायतें दी गई हैं। आश्वासन मिलते हैं लेकिन कोई काम नहीं हो पाता। इस वजह से आमजन बहुत परेशान है। वह दोबारा क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाएंगे और समस्या का समाधान करवाने का प्रयास करेंगे। **-कपिल नागपाल**, पार्षद वार्ड नम्बर सात

### निरीक्षण के नाम पर लीपापोती

स्थानीय लोगों के अनुसार, विभाग के अधिकारी कई बार निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन नतीजा सिर्फ कागजों तक सीमित रहा। क्षेत्र के निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि पिछले तीन महीनों से वे दूषित पानी की शिकायत कर रहे हैं। अधिकारी आए, तस्वीरें लीं और पाइपलाइन बदलवाने का आश्वासन दिया, लेकिन काम आज तक शुरू नहीं हुआ। उनका कहना है कि हर दिन उन्हें 20 लीटर पानी का कैन खरीदना पड़ता है, जिससे परिवार का मासिक खर्च काफी बढ़ गया है।

### पुरानी पाइप लाइनों को तत्काल बदला जाए

लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि शहर की पुरानी पाइपलाइनों को तत्काल बदला जाए और दूषित पानी की सप्लाई को रोका जाए। साथ ही, जल नमूनों की नियमित जांच कराई जाए ताकि समस्या की जड़ तक पहुंचा जा सके। निवासियों का कहना है कि यह सिर्फ असुविधा का नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। यदि विभाग ने समय पर कार्रवाई नहीं की तो बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ सकते हैं। वहीं, शहर के चिकित्सकों ने चेतावनी दी है कि दूषित पानी के लगातार सेवन से गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।



### सीवर ओवरफ्लो से बढ़ी परेशानी दिल्ली रोड, शिवाजी कॉलोनी में टूटे ढक्कनों से हादसों का खतरा

**रोहतक।** शहर में सीवर ओवरफ्लो की समस्या दिनों-दिन गंभीर होती जा रही है। शुक्रवार को दिल्ली रोड स्थित मानसरोवर पार्क के पास सीवर ओवरफ्लो होने से सड़क पर गंदा पानी फैल गया। राहगीरों को बदबू और फिसलन के कारण परेशानी झेलनी पड़ी। सूचना मिलने पर नगर निगम के सफाईकर्मी मौके पर पहुंचे और पाइपों की सफाई की, जिसके बाद कुछ देर में पानी निकल पाया। कुछ दिन सफाई होती है और फिर वही हालात दोबारा बन जाते हैं। इसी तरह शिवाजी कॉलोनी में भी सीवर जाम की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। कई बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सीवर लाइन जाम होने पर गंदा पानी घरों के बाहर भर जाता है, जिससे दुर्गंध फैलती है और मच्छरों के पनपने का खतरा भी बढ़ जाता है। शहर के कई इलाकों में सीवर के ढक्कन टूटे हुए पड़े हैं।

## इंदौर में हुई निशानेबाज़ी प्रतियोगिता

# मायना के आशीष पंघाल ने जीता डबल गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



मायना गांव के आशीष चौधरी पंघाल ने आईपीएससी (इंटरनेशनल प्रेक्टिकल शूटिंग कन्फेडेरेशन) अंडर-19 चैंपियनशिप में अपनी सटीक निशानेबाज़ी से एक बार फिर कमाल कर दिखाया है। उसने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के व्यक्तिगत वर्ग में गोल्ड मेडल और टीम वर्ग में भी गोल्ड मेडल हासिल किया है। यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप 29 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक डेली कॉलेज, इंदौर में हुई थी। जिसमें देश भर के प्रख्यात बोर्डिंग स्कूलों के 150 से अधिक श्रेष्ठ शूटरों ने हिस्सा लिया था। सतनारायण पंघाल ने बताया कि निर्णायक क्षणों में आखिरी शॉट तक सयंम एवं आत्मविश्वास बनाए रखते हुए आशीष चौधरी ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी मानसिक मजबूती और शातिर खेल कौशल का परिचय दिया। इस होनहार निशानेबाज ने छठी कक्षा से भिवानी स्थित लक्ष्य स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी में पूर्व सूबेदार प्रदीप बैनीवाल से प्रशिक्षण प्रारम्भ किया था। जिसके बाद निरंतर मेहनत और तकनीकी सुधार ने उसे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा दिया। आशीष सिर्फ़ एक सफल खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि एक प्रेरक विद्यार्थी भी है।

### यूआईईटी के इंजीनियरिंग छात्रों का राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान, गुरुग्राम का शैक्षणिक दौरा



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने आज राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान, गुरुग्राम का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने सौर ऊर्जा के उत्पादन, उत्सर्जन प्रक्रिया तथा सौर ऊर्जा से संचालित विभिन्न उपकरणों के संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। संस्थान के विशेषज्ञों ने छात्रों को सौर ऊर्जा तकनीक की नवीनतम प्रगतियों और इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों से अवगत कराया। इस शैक्षणिक यात्रा में डॉ. नवीन हुड्डा और डॉ. आशीष भी छात्रों के साथ उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे भ्रमण के दौरान मार्गदर्शन प्रदान किया।

## खबर संक्षेप

### पेंशनभोगी जमा करवाएं जीवन प्रमाण पत्र : डीसी



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि खजाना कार्यालय, रोहतक व उप-खजाना कार्यालयों से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनभोगी 3 नवम्बर से अपना जीवन प्रमाण पत्र संबंधित खजाना कार्यालय, नज़दीकी सीएससी सेंटर या ऑनलाइन माध्यम से जमा करवा सकते हैं। सचिन गुप्ता ने बताया कि ऑनलाइन प्रमाण पत्र स्मार्टफोन के ज़रिए भी बनाया जा सकता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क है किसी भी प्रकार की कोई फीस नहीं है। जीवन प्रमाण फेस ऐप तथा आधार फेस आरडी ऐप दोनों सॉफ्टवेयर प्ले स्टोर से इंस्टॉल करने होंगे। इसके बाद जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा किया जा सकता है।

### ब्रह्माकुमारीज सेंटर में संत समागम 8 को

**महम।** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा में शनिवार 8 नवंबर शाम को साढ़े 6 बजे संत समागम का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय शाखा इंचार्ज बीके चेतना ने बताया कि मध्य प्रदेश के चित्रकुट सतना से संस्कृत व्याकरण, वेदांत व ज्योतिष मर्मज्ञ, मोटिवेशनल आध्यात्मिक प्रवक्ता आचार्य स्वामी परमानंद महाराज दो दिवसीय महम प्रवास पर आ रहे हैं। आचार्य स्वामी परमानंद संत समागम के मुख्य वक्ता होंगे।

### कुवि में प्रो. नसीब सिंह गिल का व्याख्यान

**रोहतक।** एमएमटीटीसी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक रिफ्रेशर कोर्स में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग के प्रो. नसीब सिंह गिल ने 21वीं सदी में शिक्षण और अधिगम विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. गिल ने शिक्षण प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर प्रकाश डाला और एआई टीचर का लाइव डेमो प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित शिक्षक सदस्यों ने अत्यंत रुचिकर और उपयोगी बताया।



### शालिग्राम व तुलसी माता का विवाह सम्पन

**रोहतक।** कार्तिक मास की शुक्ल एकादशी को देवउठनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस दिन कार्तिक स्नान करने वाले भगत तुलसी और शालिग्राम भगवान का विवाह रचाते हैं, इससे भगवान प्रसन्न होते हैं और भगतों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। डेरा श्री बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज ,गौकर्ण तीर्थ में उप आचार्य महामंडलेश्वर गौकर्ण पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी कपिल पुरी महाराज ने शालिग्राम भगवान व तुलसी माता का विवाह सम्पन करवाया।

## महिला वर्ल्ड कप जीतने पर जश्न मनाते शेफाली वर्मा के परिजन



**शहर की बेटी छाई** शहर के बेटी शेफाली वर्मा के ऑलराउंडर प्रदर्शन को देखकर परिजनों ने जश्न मनाया। शेफाली वर्मा ने फाइनल में साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों की जमकर खबर ली। फाइनल में 87 रन बनाने के बाद 2 अहम विकेट लेने वालीं 21 साल की शेफाली वर्मा प्लेयर ऑफ द फाइनल का खिताब पाने पर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# डीएपी की कमी से बुआई पर संकट के बादल

### नैनो यूरिया की बोतल और बीज की जबरन खरीद से बढ़ा रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रबी सीजन की शुरुआत के साथ ही किसानों को डीएपी खाद की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। जिले के अधिकांश गांवों में किसान खाद की तलाश में सरकारी और प्राइवेट दोनों दुकानों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि खाद न मिलने से गेहूं की बुआई प्रभावित होने लगी है और समय निकलने का डर सता रहा है। कई किसानों ने शिकायत की है कि पिछले एक सप्ताह से वे बार-बार सरकारी बिक्री केंद्रों का रुख कर रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें यही जवाब मिलता है कि रैक नहीं आया या स्टॉक खत्म है। किसानों के अनुसार, जब वे खाद लेने पहुंचते हैं, तो कर्मचारियों द्वारा डीएपी के साथ नैनो यूरिया की बोतल या बीज खरीदने के लिए दबाव बनाया जाता है। नैनो यूरिया की कीमत 400 से 500 रुपये बताई जा रही है, जबकि किसानों का कहना है कि यह उनकी आवश्यकता में शामिल नहीं है। चमारिया के किसान पूर्ण ने बताया कि डीएपी लेने जाने पर उन्हें कहा गया कि बिना नैनो बोतल खरीदे खाद नहीं मिलेगी।

## सांसद रामचंद्र जांगडा ने किया पक्के रास्ते का उद्घाटन

# धर्मशाला का रास्ता कच्चा होने से होती थी कठिनाई, अब आवागमन होगा सुगम

- निर्माणाधीन यादव धर्मशाला तक के रास्ते का निर्माण पर 10 लाख की लागत आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

कस्बा महम में निर्माणाधीन यादव धर्मशाला तक पक्का रास्ता बनाया गया है। इस रास्ते के निर्माण पर दस लाख रुपए की ग्रांट खर्च की गई है। रविवार को राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने इस रास्ते का उद्घाटन किया। राज्यसभा सांसद ने बताया कि महम के लिए वे सीएम नायब सिंह सैनी से जो भी मांग करते हैं, वे उसे मंजूर कर देते हैं। यादव महासभा महम की रास्ते की बहुत पुरानी मांग थी। जिसको पूरा करते हुए निर्माणाधीन यादव धर्मशाला तक के रास्ते का निर्माण किया गया है। जिस पर लगभग 10 लाख की लागत आई है। निर्माणाधीन धर्मशाला का रास्ता कच्चा होने के कारण बहुत कठिनाई होती थी। जांगड़ा ने कहा की आज हरियाणा में सबका साथ सबका विकास के मंत्र के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कार्य कर रहे हैं। जल्द ही अन्य पूरे हुए विकास कार्यो का भी शुभारम्भ किया जाएगा। यादव समाज ने सांसद का आभार प्रकट किया।



**महम।** पक्के रास्ते का उद्घाटन करते राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा।

### मौजूद रहे

इस अवसर पर श्री कृष्ण यादव महासभा महम से डॉक्टर कृष्ण कुमार लांबा, नगर पालिका महम के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर, तस्वीर यादव, कृष्ण यादव, राकेश शर्मा, जय भगवान दहिया, वजीर सैनी, पवन पंडित, रामचंद्र यादव, भगवान दास जेई, मंडल महामंत्री अशोक गुप्ता, प्रदीप जांगड़ा, राजेश यादव, जिले यादव व मंगल ढाका समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मदवि: भारतीय प्रबंध संस्थान में रन फॉर यूनिटी मिनी मैराथन

# भारत की एकता और निष्ठा में लौह पुरुष के योगदान को याद किया

### *निदेशक प्रोफेसर धीरज शर्मा ने की हरी झंडी दिखाकर रवाना किया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



भारतीय प्रबंध संस्थान ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाने के लिए वार्षिक रन फॉर यूनिटी मिनी मैराथन का आयोजन किया। यह 5 किलोमीटर की दौड़ में 500 से ज्यादा छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम ने एकता, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना को दर्शाया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7:30 बजे भारतीय प्रबंध संस्थान के निदेशक प्रोफेसर धीरज शर्मा ने की। उन्होंने भारत की एकता और नष्ठिा में लौह पुरुष सरदार पटेल के योगदान को याद किया। प्रो. शर्मा ने बताया कि सरदार पटेल का जीवन देश नर्मािण के लिए समर्पित था और छात्रों से आग्रह किया कि वे भी अपने जीवन में जम्मिेदारी और समर्पण की भावना रखें। उनके संबोधन के बाद रन फॉर यूनिटी मिनी मैराथन 2025 की शुरुआत जोश और उत्साह के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान पूरे रिंग रोड पर विभन्नि स्थानों पर प्रतिभागियों की सहायता के लिए उचित प्रबंध किए गए थे। सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनश्चिति करने के लिए मेडिकल टीम और एंबुलेंस भी तैनात की गई थी।

## परेशानी मंडी में जगह-जगह फसल के ढेर, किसानों की बढ़ी चिंता


# मंडियों में बारदाने के इंतजार में अटकी किसानों की मेहनत, फसल बेचने में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक






इस बार धान की खरीद शुरू होने के बाद से ही किसान एक के बाद एक नई दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। खरीद प्रक्रिया में सुस्ती के बाद अब बारदाने की किल्लत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मंडियों में धान के ढेर लगते जा रहे हैं, लेकिन पर्याप्त बोरी न मिलने के कारण उठान की प्रक्रिया अटक गई है। मंडी में आए किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से अपनी फसल की तुलाई का इंतजार कर रहे हैं, मगर बारदाने की कमी से फसल खुले में पड़ी हुई है। इससे खराब मौसम या नमी आने पर धान के नुकसान का डर बना हुआ है। किसानों ने बताया कि मंडी अधिकारियों से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं मिल रहा। मंडी के एक व्यापारी ने बताया कि बारदाने की आपूर्ति नए मिलरों के जुड़ने पर निर्भर है। मिलर अभी तक तय नहीं हुए हैं, जिस कारण स्टॉक की कमी बनी हुई है। जब तक बारदाना उपलब्ध नहीं होता, तब तक फसल की ढुलाई और भुगतान की प्रक्रिया दोनों प्रभावित रहेंगी। किसानों का कहना है कि हर बार यही समस्या दोहराई जाती है। धान मंडी में पहुंच जाती है, लेकिन प्रबंधन समय रहते जरूरी तैयारी नहीं करता। इससे किसान न केवल मानसिक तनाव झेल रहे हैं बल्कि आर्थिक नुकसान का खतरा भी झेल रहे हैं। मंडी प्रशासन ने बताया कि उच्चाधिकारियों को स्थिति की जानकारी दे दी गई है और बारदाने की आपूर्ति जल्द बहाल करने के प्रयास जारी हैं। किसानों ने उम्मीद जताई कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं बनी तो आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ सकता है।



# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

लाइफ Style



# कियारा


## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

किआरा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में किआरा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और कियारा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कियारा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी कियारा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि कियारा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।

हॉलीवुड मसाला



# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्सः एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यूनः पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।




# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी'का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।

टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।



# किंग का टाइटल रिवील शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक

**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग'का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए




लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज में।

# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



### पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन'इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ'में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ'बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।

## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैम्ब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

## खबर संक्षेप

### फेडरेशन कप में एकता ने जीता कांस्य पदक

झज्जर। उत्तराखंड के नैनीताल में आयोजित फेडरेशन कप में महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम की मुक्केबाज एकता ने कांस्य पदक जीत कर जिले का का नाम रोशन किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित इस फेडरेशनल कप में एकता ने यह पदक 70 किलोग्राम भार वर्ग में हासिल किया। कुंजिया निवासी एकता के पिता रिंकू हरियाणा के पुलिस विभाग में कार्यरत है। होनहार खिलाड़ी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दीपांशी का गोल्ड मेडल जीतने पर हुआ सम्मान

झज्जर। क्षेत्र के गांव पलड़ा निवासी खिलाड़ी दीपांशी ने कुरूक्षेत्र में आयोजित 17वीं रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया है। दीपांशी के पलड़ा पहुंचने पर ग्रामीणों व परिजनों द्वारा उसका जोरदार स्वागत किया। साइक्लिंग कोच शर्मिला डबास ने बताया कि वह पलड़ा खेल स्टेडियम में बच्चों का नियमित रूप से विभिन्न खेलों को लेकर अभ्यास करा रहे हैं। गांव के कई खिलाड़ी देश के विभिन्न राज्यों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर मेडल हासिल कर चुके हैं। मेरा गांव मेरी पहचान संस्था एवं ग्राम पंचायत पलड़ा द्वारा गांव निवासी राजेश की पुत्री दीपांशी का फूलमाला पहना कर तथा प्रोत्साहन राशि देकर सम्मान किया गया।

### पटेल जयंती पर ऑनलाइन प्रतियोगिताएं शुरू

**झज्जर**। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित "सरदार@150" पदयात्रा और प्री-इवेंट गतिविधियों के तहत युवाओं के लिए माय भारत पोर्टल पर राष्ट्रीय स्तर की निबंध, रील और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं ऑनलाइन माध्यम से शुरू की गई हैं। जिला युवा अधिकारी बृजेश कौशिक ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं में लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन, आदर्शों और राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इन प्रतियोगिताओं में मुख्य रूप से सरदार 150 युवा नेता प्रश्नोत्तरी, सरदार150 रील प्रतियोगिता तथासरदार150 निबंध प्रतियोगिता शामिल हैं।

## इंडस पब्लिक स्कूल में 10वीं वार्षिक एमयूएन वाद-विवाद प्रतियोगिता का समापन

# मुकुल को बेस्ट फोटोग्राफर और समरवीर गुलिया को बेस्ट जर्नलिस्ट चुना गया

- *सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया*
- *इस अवसर पर प्रतिभागियों को करियर संबंधी टिप्सदिए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक एमयूएन प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि पूर्व एनएसएस कॉर्डिनेटर विजय शर्मा , प्रवीण कौशिक पार्षद व यतिपरेश इंजीनियर ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता एक बहुत ही अच्छी प्रतियोगिता है जो किताबी ज्ञान से हट कर देश-विदेश की वास्तविक समस्याओं को समझने व सामना करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता से हमारे देश के बच्चे एक दूरदर्शिता ज्ञान की समझ विकसित कर सकेगें और अन्य सभी लोगों के साथ, सहयोग के साथ कार्यरत रहेगें। जिससे विश्व के सामाजिक व राजनीतिक स्तर की समस्या को समझने व समाधान के लिए अग्रसर रहेंगे। इस प्रतियोगिता की कॉर्डिनेटर अभिलाषा अहलावत ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल पांच समितियों ने विश्वस्तरीय मुद्दों पर बहस की जिसका आज निष्कर्ष निकाला गया। पांचों समितियों द्वारा महत्त्वपूर्ण सुझाव व समाधान दिए गए। जिसे गहनता के साथ नियुक्त न्यायधीशों द्वारा संज्ञान में लेकर निष्कर्ष निकाला गया।अंत में प्रधानाचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ ने अतिथिगणों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने इस कार्यक्रम के सफल होने पर सभी अध्यापकों व डेलिगेट्स की सराहना की। अंत में हेड बॉय नील रूहिल ने इस वाद-विवाद प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर इंडस पब्लिक स्कूल की ओर से सभी को धन्यवाद दिया।





### कार्यक्रम सफलता पर दिया धन्यवाद

चेयरपर्सन ने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों से छात्रों में वैश्विक स्तर की जानकारी से रूबरू होते हैं व देश विदेश के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर अपने विचार प्रकट करते हैंकिसी भी कार्यक्रम का आगाज जितना खूबसूरत होता है उसका समापन भी उतना ही खूबसूरत होना चाहिए। कोई भी कार्यक्रम अपनी एक सुनहरी याद के रूप में अपनी एक अलग छाप छोड़ जाता है। वाद-विवाद का कार्यक्रम सफलतापूर्वक समापन होने के पर सभी प्रतिभागियों, न्यायाधीशों, प्रतिनिधियों, सचिवों को यादगार क्षण देने हेतु इंडस स्कूल के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### इस प्रकार रही कार्यक्रम की रूपरेखा

पहली समिति जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यू.एन.एस.सी.) में बेस्ट डेलिगेट्स, अथर्व सिंह - सिंगापुर (इंडस आर.पी.एस स्कूल) को, हाई कोमनडेशन, अपूर्व गुलाटी- चीनी जनवादी गणराज्य (इंडस पब्लिक स्कूल) को, स्पेशल मेनशन में आशा ढुल- मोरक्को (आई.पी.एस., जीन्द) को, वरबल मेनशन में हर्ष सिन्धु (भारत), अथर्व सिंह (नीदरलैंड), अवंतिका (यूक्रेन), अविशा सिंह (इंडोनेशिया), श्रुति (यूएसए), अक्ष यादव (डेनमार्क) और निष्ठा नंदल (फ्रांस) को दिया गया। दूसरी समिति जो आर्थिक और सामाजिक परिषद (ई.सी.ओ.एस.ओ.सी.) में बेस्ट डेलिगेट्स, यती सिंगला- यूके (आई.पी.एस., कैथल) को, हाई कोमनडेशन, समर्थ राठी- यूएसए (आई.पी.एस., रोहतक) को, स्पेशल मेनशन में निष्ठा- ब्राजील (आई.पी.एस., रोहतक) को, वरबल मेनशन में ओजस हुड्डा- भारत- (लिटिल श्री) और साक्षी- मॉरीशस (आई.पी.एस., रोहतक) को दिया गया। तीसरी समिति जो महिला की स्थिति पर आयोग (सी.एस.डब्ल्यू.) में बेस्ट डेलिगेट्स, दिव्य- ग्रीस को, हाई कोमनडेशन, मयंक- नॉर्वे को, स्पेशल मेनशन में शौर्य- भारत को, वरबल मेनशन में कृतिका- यूके, तृषा- स्पेन और मानसी- जापान को दिया गया। चैथी समिति जो अखिल भारतीय राजनीतिक दल (ए.आई.पी.पी.एम.) में बेस्ट डेलिगेट्स, कामरेड सत्यवान को, हाई कोमनडेशन, एम.वी. गोविंदनन्दन को, स्पेशल मेनशन में नरेंद्र मोदी को, वरबल मेनशन में राहुल गांधी, दीपेंद्र हुड्डा, स्मृति ईरानी, अखिलेश यादव और निर्मला सीतारमन को दिया गया। पांचवी समिति जो संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यू.एन.एच.आर.सी.) में बेस्ट डेलिगेट्स, कनिष्क अनेया- पठानिया पब्लिक स्कूल (यू.एस.ए.) को, हाई कोमनडेशन, हर्ष दलाल (ईरान)- पठानिया पब्लिक स्कूल को, स्पेशल मेनशन में मन्नत लाठर (वेनेजुएला) पठानिया पब्लिक स्कूल को, वरबल मेनशन में स्विट्जरलैंड (सारांशी- इंडस स्कूल), चीन (लावण्य-इंडस स्कूल), रूस (दिशिता-पठानिया) और जर्मनी (हर्ष- इंडस स्कूल) को दिया गया।

# लाडो लक्ष्मी योजना से महिलाओं का बढ़ेगा स्वाभिमान : खरक

- लाडो लक्ष्मी योजना से महिलाओं के आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ते कदम : प्रदेश मीडिया प्रभारी
- योजना शुरु होने से महिलाएं बनेंगी सशक्त



रोहतक। शमशेर खरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नायब सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार द्वारा 1 नवंबर हरियाणा दिवस से शुरू की गई दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वाभिमानी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी। यह बात प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने कही।

उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से हरियाणा सरकार ने जरूरतमंद महिलाओं को 1नवंबर से हर माह 2100 रुपये आर्थिक सहायता देनी शुरू कर दी है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो। शमशेर सिंह खरक ने कहा कि यह योजना समाज में बेटियों और महिलाओं के सम्मान को और ऊंचाई देने वाली है। उन्होंने बताया कि सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से यह योजना लागू की है, जिसके तहत योग्य महिलाओं को 2,100 रुपये तक की मासिक आर्थिक सहायता दी जाएगी।

भाजपा नेता प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनावों में जारी संकल्प पत्र में महिलाओं से यह वायदा किया था जिसे पूरा करते हुए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को विधिवत रूप से लागू कर दिया गया है। यह योजना महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि यह सहायता राशि महिलाओं को उनके बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की जाएगी, ताकि किसी तरह की बिचौलिया-प्रथा न रहे। साथ ही, यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अधिक लाभ उठाए

शमशेर सिंह खरक ने ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं से आह्वान किया कि वे इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करें। उन्होंने बताया कि सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने कहा, "दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना सिर्फ आर्थिक सहयोग नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

# गुरु नानक प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य पर महम में रोजाना निकाली जा रही प्रभात फेरी

- गलियों में सुख शांति व भाई चारे के लिए शब्द कीर्तन कर रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** शहर में प्रभातफेरी निकालते गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर के श्रद्धालु।

गुरु जयंती के उपलक्ष्य पर महम में श्रद्धालुओं द्वारा रोजाना प्रभात फेरी निकाली जा रही है। गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर की स्थानीय कमेटी के प्रधान सोमनाथ गिरोत्रा ने बताया कि बाबा बंदा सिंह बहादुरु सिख सम्प्रदाय के अनुयायियों द्वारा भैयादूज से प्रभात फेरी का आयोजन शुरू किया था। सुबह सुबह श्रद्धालु गुरुओं की याद में शब्द कीर्तन करते हैं। शहर की गलियों में और घर घर जाकर सुख शांति की कामना के लिए परमात्मा से अरदास की जा रही है। ढोलक और घंटियां बजाकर नाचते गाते हुए श्रद्धालु भाई चारे का संदेश देते हैं। सोमनाथ गिरोत्रा ने बताया कि 5 नवंबर को गुरु नानक जी की जयंती है। मंगलवार चार नवंबर को सखमणी साहिब का पाठ किया जाएगा। इस दिन शाम को सात बजे अटूट लंगर लगाया जाएगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी द्वारा प्रभातफेरी निकालने वाले श्रद्धालुओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# बिजली निगम के कर्मचारियों की नाराजगी, टूल किट में अधूरे उपकरण, 306 में से सिर्फ 100 किट पहुंची

- कर्मचारी बोले ग्लव्स और प्लास खराब, टॉर्च का भी नहीं होता इंतजाम, फील्ड में बढ़ा जोखिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बिजली निगम के फील्ड कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कारण है अधूरी टूल किट और उपकरणों की खराब गुणवत्ता।

फील्ड में काम करने वाले 306 कर्मचारियों में से अब तक केवल 100 कर्मचारियों को ही नई टूल किट दी गई है, जबकि शेष 206 कर्मचारी भी पुराने और खराब औजारों के सहारे काम करने को मजबूर हैं। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए उन्हें दिन-रात फील्ड में रहना पड़ता है, लेकिन उनके पास सुरक्षा उपकरण और जरूरी टूल्स पूरे नहीं हैं। निगम को हाल ही में 100 नई टूल किट प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 91 किट सिटी डिवीजन के कर्मचारियों को दी गईं और 9 किट सब-अर्बन डिवीजन में वितरित की गईं। इससे पहले 179 कर्मचारियों को पुराने बैच की किट दी जा चुकी थी। लेकिन उन किटों की हालत अब काफी खराब हो चुकी है। कर्मचारियों का कहना है कि ग्लव्स और प्लास जैसे उपकरण एक साल से ज्यादा नहीं टिकते। ग्लव्स रोजाना लाइन पर काम करते हुए खराब हो जाते हैं। कंपनी से दोबारा नहीं मिलते, मजबूरन खुद खरीदने पड़ते हैं। यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि निगम के पास जो टूल किट आई हैं, उनमें भी जरूरी औजारों की कमी है। किट में सारे टूल्स मौजूद ही नहीं हैं। कुछ में स्क्रूड्राइवर नहीं है, तो कुछ में टेस्टर गायब है। सबसे बड़ी परेशानी टॉर्च की है, जो मिलती भी है तो सेल वाली होती है। एक बार सेल खत्म हो जाएं तो दोबारा कोई सप्लाई नहीं होती। रात के समय लाइन ठीक करने में सबसे ज्यादा दिक्कत आती है।

### अधूरे उपकरणों से रहता है जान का खतरा

कर्मचारी यूनियन ने यह भी कहा कि फील्ड में काम करना जोखिम भरा है और अधूरे उपकरणों के कारण जान का खतरा बढ़ जाता है। कई बार अंधेरे में लाइन सुधारते समय करंट लगने या गिरने की घटनाएं भी होती हैं। इसके बावजूद निगम की ओर से सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। यूनियन ने प्रबंधन से मांग की है कि सभी कर्मचारियों को जल्द से जल्द पूरी टूल किट दी जाए, जिसमें गुणवत्ता वाले औजार, हेलमेट, मजबूत ग्लव्स, रबर जूते और रिचार्जेबल टॉर्च शामिल हों। साथ ही हर साल इन किटों की रिप्लेसमेंट सुनिश्चित की जाए, ताकि कर्मचारियों को सुरक्षित माहौल में काम करने का मौका मिल सके।

# गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व 5 नवंबर को मनाया जाएगा

- *शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फेरी निकालकर गुरु की महिमा का बखान किया जा रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





**झज्जर।** पुरु गुरुनानक देव साहिब के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में कीर्तन करती महिलाए। फोटो :हरिभूमि

रोहतक। सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु गुरुनानक देव साहिब का प्रकाश पर्व 5 नवंबर को स्थानीय डीएलएफ कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा बाबा सोमा शाह में धूमधाम से मनाया जाएगा। हेड ग्रंथी भाई गुरजीत सिंह ने बताया कि इस उपलक्ष्य में बुधवार 5 नवंबर को भव्य कीर्तन समागम का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बुधवार को सायंकाल भोग अखंड पाठ साहिब उपरांत पाठ रहिरास साहिब किया जाएगा। इस कीर्तन समागम में हजूरी रागी बीबा मनजोत कौर, बीबीयां दा जत्था और भाई त्रिलोक सिंह (यूएसए वाले) शब्द कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। नन्हें बच्चों द्वारा भी शब्द प्रस्तुत किए जाएंगे। अरदास उपरांत श्रद्धालुओं के लिए गुरु का लंगर अटूट बरताया जाएगा। इसके अलावा, प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं द्वारा तड़के प्रभात फेरियों का सिलसिला लगातार जारी है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फेरी निकालकर गुरु की महिमा का बखान किया जा रहा है। वहीं, रविवार गुरुद्वारा बाबा सोमा शाह में निशान साहिब की चोला सेवा भी की गई, जिसमें संगत ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कीर्तन किया।

# युवाओं के लिए नशा व अपराध घातक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



- बच्चों के लिए मोबाइल की लत चिंताजनक : सीपी

आधुनिक युग में तकनीक ने हमारे जीवन को जितना आसान बनाया है, उतना ही खतरनाक प्रभाव भी हमारे सामाजिक और पारिवारिक जीवन पर डाल रही है। मोबाइल जो कभी अपने विचारों का आदान-प्रदान करने का साधन था, अब बच्चों के मानसिक संतुलन को बिगाड़ने वाला एक अदृश्य खतरा बन चुका है। इस गंभीर विषय पर पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार नशा और अपराध युवाओं को बर्बादी की राह पर ले जाते हैं, उसी प्रकार मोबाइल और इंटरनेट की लत आज के बच्चों के जीवन को अंधकार की ओर धकेल रही है। आज के बच्चे अपने बचपन को वर्चुअल दुनिया की कैद में खोते जा रहे हैं। खेल के मैदान सूने हैं, गलियों में बच्चों की हंसी की जगह अब मोबाइल की रिंगटोन सुनाई देती है। आधुनिक युग में तकनीक ने हमारे जीवन को जितना आसान बनाया है, उतना ही खतरनाक प्रभाव भी हमारे सामाजिक और पारिवारिक जीवन पर डाल रही है।यह परिवर्तन न केवल चिंताजनक है बल्कि आने वाले समय के लिए चेतावनी भी है।

### मोबाइल की लत बच्चों के मन को सुन्न बना रही

मोबाइल की अधिकता बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास पर गंभीर असर डाल रही है। लगातार स्क्रीन देखने से उनकी आंखों की रोशनी कम हो रही है, नींद का पैटर्न बिगड़ रहा है, और सबसे महत्वपूर्ण उनकी एकाग्रता और भावनात्मक स्थिरता खत्म होती जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह नशा धीरे-धीरे युवाओं को अंदर से खोखला कर देता है, उसी तरह मोबाइल की लत बच्चों के मन को सुन्न बना रही है। जोकि उनके स्वयं और देश के भविष्य के लिए खतरे की घंटी है।

# आर्य समाज शिवाजी कॉलोनी में वैदिक यज्ञ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। आर्य समाज शिवाजी कॉलोनी में रविवार को एक टिन गाय के घी से वैदिक रीति द्वारा यज्ञ आयोजित किया गया। यह यज्ञ बढ़ते प्रदूषण और वायु शुद्धि के उद्देश्य से किया गया। वर्तमान में रोहतक का वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 से अधिक पहुंच चुका है, जिससे लोगों में स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय आर्य निर्मात्री सभा के केंद्रीय अध्यक्ष आचार्य जितेंद्र ने कहा कि वायु शुद्धि और स्वस्थ जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घरों में वैदिक यज्ञ की परंपरा को पुन अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम 100 वर्ष तक स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं तो अपनी प्राचीन वैदिक संस्कृति को जानना और मानना आवश्यक है। कार्यक्रम में गर्वित, अरमान, आदित्य, अमित, सोनू, रेनू, प्रवीना, वेदपाल और विकास आर्य का विशेष सहयोग रहा।

## महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में कवि सम्मेलन का आयोजन

# प्रदेशभर के 70 कवियों ने अपनी रचनाओं से किया मंत्रमुग्ध

- हास्य, व्यंग्य, प्रेम, श्रंगार, देशभक्ति, हरियाणा गौरव, स्त्री शक्ति पर किया काव्यपाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हरियाणा दिवस के अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में डॉ. पुष्पा के निर्देशन में देसी काव्य मंच हरियाणा द्वारा विराट कवि सम्मेलन व पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में पूरे प्रदेश के विभिन्न भागों से सत्तर से अधिक कवियों ने हरियाणवी में कविता पाठ करते हुए हास्य, व्यंग्य, प्रेम, श्रृंगार, देशभक्ति, हरियाणा गौरव, स्त्री शक्ति सहित विभिन्न विषयों पर काव्य-पाठ कर समा बांध दिया। सोनीपत से पधारे वरिष्ठ लेखक व हरियाणा साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक डॉ. पूरनचंद गौड़ मुख्य अतिथि तथा रेवाड़ी से पधारे प्रसिद्ध हास्य कवि हलचल हरियाणवी एवं करनाल से आये सुप्रसिद्ध कवि प्रेम सागर ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इनके अतिरिक्त बहादुरगढ़ से कृष्ण गोपाल विद्यार्थी, सोनीपत से गजलकार कमर रईस, जींद से शकुंतला काजल, करनाल से प्रेम सागर, आजाद सिंह जुलानी, हिसार से खुशबू जैन, रोहतक से मधुकांत, भावना तथा जयदेव अत्रि, कविराज रामकुमार भारतीय, ओमप्रकाश चौहान आदि ने अपने क्षेत्रों के कवियों के साथ पधारकर कार्यक्रम को चार चांद लगाए। विशेष बात यह रही कि हरियाणा के विभिन्न गांवों से भी कवि सम्मिलित हुए और उनकी विशिष्ट प्रतिभा के दर्शन श्रोताओं ने किए। सरस्वती वंदना उपरांत मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह बिलोटिया ने सभी अतिथियों का पुष्पाहार पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात काव्य-पाठ शुरू हुआ। दूसरे सत्र में देशी काव्य मंच के संस्थापक सन्दीप शर्मा 'बांवरा' के प्रथम हरियाणवी रागनी-संग्रह काव्य-कलश का लोकार्पण किया गया। आशा खत्री 'लता' ने काव्य-कलश की समीक्षा पढ़ी।

### लेखकों ने पुस्तकों का आदान-प्रदान किया

डॉ. पुष्पा ने उपस्थित कवियों से आग्रह किया कि वे अपनी पुस्तकें हिंदी विभाग में भेजें ताकि विद्यार्थियों का वर्तमान लेखकों के साहित्य से परिचय हो तथा पुस्तकों का यथासम्भव उपयोग विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम या शोध हेतु किया जा सके। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से पधारे लेखकों ने परस्पर पुस्तकों का आदान-प्रदान किया। डॉ. गौड़ ने वृहद कवि सम्मेलन का हिस्सा बनकर प्रसन्नता व्यक्त की और सभी कवियों से हरियाणवी को और आगे ले जाने का आह्वान किया। आकाशवाणी के पूर्व निदेशक धर्मपाल मलिक ने हरियाणा के गठन और उस समय की स्थिति पर प्रकाश डाला। हलचल हरियाणवी ने इसे साहित्यकारों के मिलन का सुअवसर बताया। कार्यक्रम में आकाशवाणी के वर्तमान निदेशक संजय बाली और वरिष्ठ पत्रकार शम्भू भद्रा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। वरिष्ठ साहित्यकार रामदरश मिश्र के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी सहभागियों के लिए जलपान व दोपहर के भोजन की सुचारू रूप से व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के अंत में आशा खत्री 'लता' ने सभी उपस्थित कवियों का आभार व्यक्त किया और डॉ. पुष्पा का कार्यक्रम आयोजन में सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। कुशल मंच संचालन संदीप शर्मा 'बांवरा' एवं जगबीर कौशिक ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।देसी काव्य मंच हरियाणा द्वारा विराट कवि सम्मेलन व पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में पूरे प्रदेश के विभिन्न भागों से सत्तर से अधिक कवियों ने हरियाणवी में कविता पाठ करते हुए हास्य, व्यंग्य, प्रेम, श्रृंगार, देशभक्ति, हरियाणा गौरव, स्त्री शक्ति सहित विभिन्न विषयों पर काव्य-पाठ कर समा बांध दिया।

किसान पर्यावरण के अनुकूल तरीके से फसल अवशेष का प्रबंधन करें

# जिले में अब तक पराली जलाने का एक भी मामला नहीं सामने आया कृषि विभाग ने निगरानी तेज की, 13 टीमें कर रहीं गांव-गांव में जागरूक

टीमों में तैना 307 कर्मचारी विभिन्न ब्लॉकों और गांवों में जाकर किसानों की गतिविधियों पर नजर रख रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में इस बार पराली जलाने की कोई घटना अब तक दर्ज नहीं हुई है। किसानों की जागरूकता और प्रशासन की सख्ती के कारण फसल अवशेष जलाने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण दिख रहा है। कृषि विभाग की ओर से लगातार निगरानी और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि किसान पर्यावरण के अनुकूल तरीके से फसल अवशेष का प्रबंधन करें।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, पराली प्रबंधन के लिए इस बार विशेष रणनीति अपनाई गई है। किसानों को फसल अवशेष जलाने से रोकने के लिए गांव-गांव जाकर समझाया जा रहा है कि पराली खेतों में जलाने के बजाय उसे उपयोगी खाद या चारे के रूप में कैसे बदल सकते हैं।

यह व्यवस्था पारदर्शिता बढ़ाने और पराली जलाने की घटनाओं को शून्य रखने में मदद करेगी

### सीआरएम एप के माध्यम से की जा रही

इसके साथ ही, विभाग ने क्रॉप रेसिड्यू मैनेजमेंट (सीआरएम) ऐप के माध्यम से डिजिटल मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। इस ऐप की मदद से यह पता लगाया जा सकेगा कि किस किसान ने अपने खेत में पराली का क्या प्रबंधन किया है, क्या उसे खेत में मिलाया गया है, इकट्ठा किया गया है या किसी अन्य उपयोग में लिया गया है। यह व्यवस्था पारदर्शिता बढ़ाने और पराली जलाने की घटनाओं को शून्य रखने में मदद करेगी।

### संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करें

साथ ही सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी वाली मशीनों और उपकरणों का भी अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कृषि विभाग ने बताया कि जिले में पराली जलाने की निगरानी के लिए कुल 13 विशेष टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों में 307 कर्मचारी तैनात किए गए हैं जो विभिन्न ब्लॉकों और गांवों में जाकर किसानों की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। टीमों को यह भी जिम्मेदारी दी गई है कि वे किसानों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करें।

### इस बार किसान पिछले वर्ष की तुलना में सहयोग कर रहे

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार किसान अधिक सहयोग कर रहे हैं। कई किसानों ने पराली प्रबंधन मशीनें जैसे हैप्पी सीडर, सुपर सीडर और स्ट्रॉ रीपर का उपयोग शुरू किया है। इसका सकारात्मक असर खेतों में देखा जा रहा है, जिससे मिट्टी की उर्वरता भी बनी हुई है। वहीं प्रशासन का लक्ष्य इस बार जिले को पराली जलाने से पूरी तरह मुक्त बनाना है। किसानों से अपील की गई है कि वे किसी भी स्थिति में पराली को आग न लगाएं और पर्यावरण की रक्षा में सहयोग दें।

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी क्षेत्र में पराली जलाने का मामला सामने आया तो संबंधित किसान के खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### जागरूकता एवं साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

**रोहतक।** गांव बहूअकबरपुर रोड स्थित बाबा गोल्ड टैंकर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के श्रमिक सुरक्षा अभियान की श्रृंखला के अंतर्गत एक जागरूकता एवं साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश निरजा कुलवंत कलसन एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) डॉ. तरन्नुम खान के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। जिसमें श्रमिकों को उनके संवैधानिक एवं वैधानिक अधिकारों, श्रम कानूनों, सुरक्षा प्रावधानों तथा विधिक सहायता सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। मुख्य वक्ता राजबीर कश्यप ने श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर विधिक सेवाएं प्राधिकरण से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

प्रदूषण के आंकड़े जुटाने के लिए 2008-09 में स्थापित किया था केंद्र

# पंद्रह साल से रोहतक शहर के वास्तविक प्रदूषण डाटा पर चादर ताने खड़ा एचपीसीबी

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचपीसीबी) रोहतक शहर के वास्तविक एक्यूआई पर पिछले 15 साल से चादर ताने खड़ा है। बोर्ड ने अपना कंटीन्यूअस एम्बिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन (सीएएक्यूएमएस) महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में स्थापित किया हुआ है। ध्यान रहे कि विश्वविद्यालय कैंपस को वर्ष 2018 में देश का सबसे हरा-भरा परिसर घोषित किया गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने भी एमडीयू कैंपस की तारीफ की थी। ऐसे में अब ये सवाल उठना लाजिमी है कि क्या इतने हरे-भरे कैंपस में स्थापित सीएएक्यूएमएस से प्रदूषण का वास्तविक डाटा उपलब्ध होगा। क्योंकि पेड़-पौधे प्रदूषण को काफी हद तक कम कर देते हैं।

मालूम रहे कि वर्ष 2008-09 में ये स्टेशन स्थापित किया गया था। स्टेशन चारों दिशाओं से हवा में मौजूद महीन कणों का विश्लेषण करके एक्यूआई की जानकारी देता है। स्टेशन स्थापित होने के कुछ समय बाद ही विश्वविद्यालय ने एक भवन का निर्माण बिल्कुल इसके साथ करवा दिया।

जब से भवन का निर्माण करवाया गया है, तब से ही एक्यूआई डाटा सही नहीं मिल रहा है, ऐसा पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है। बताया जा रहा है कि जब स्टेशन स्थापित किया गया था तो उस समय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सामने ये शर्त नहीं रखी थी कि स्टेशन के बिल्कुल समीप कोई बिल्डिंग नहीं बनाई जाएगी।



रोहतक। हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में हरियाली के बीच स्थापित किया गया सीएएक्यूएमएस

### वास्तविक एक्यूआई की जानकारी नहीं मिलेगी



यदि मॉनिटरिंग स्टेशन बिल्कुल स्वच्छ और हरे-भरे क्षेत्र में स्थापित है तो वास्तविक एक्यूआई की जानकारी नहीं मिलेगी। क्योंकि पेड़-पौधे पॉल्यूशन को सोखते हैं। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि मदवि स्थित सीएएक्यूएमएस से सही डाटा बिल्कुल भी नहीं मिल रहा होगा।

*-डॉ. अरूण कुमार यादव*
*कार्यक्रम प्रबंधक*
*एनवायरोकैटलिस्टस नई दिल्ली*

### ये भी जानें

दीपावली के बाद से दिल्ली में बढ़े वायु प्रदूषण को लेकर लगातार हाय-तौबा मची हुई है। इसी बीच बीते दिनों आनंद विहार टर्मिनल स्थित कंटीन्यूअस एम्बिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन (सीएएक्यूएमएस) के बिल्कुल साथ 24 घंटे टैंकर से लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा था। ये विडियो इस समय सोशल मीडिया में बड़ी तेजी से वायरल है। अगर सीएएक्यूएमएस के पास पानी का छिड़काव कर दिया जाता है तो वहां के प्रदूषण में काफी कमी आ जाती है। ठीक ऐसे ही अगर सीएएक्यूएमएस के पास घनी हरियाली है तो वहां के पॉल्यूशन में कमी होगी।

### ये हैं मानक

अगर एक्यूआई 0 से 50 तक है तो वह सांस लेन के हिसाब से ठीक है। 51 से 100 तक वायु गुणवत्ता मध्यम, 101 से 150 तक संवेदनशील व्यक्तियों के लिए अस्वस्थ, 151 से 200 तक अस्वस्थ, 201 और 300 तक सही नहीं। 300 से अधिक है तो पूरी खराब है। अमूमन शहर की 70-80 फीसदी आबादी को तो पीने का पानी भी मयस्यर होता नहीं है। सांस लेने को स्वच्छ हवा नहीं और पीने के लिए पानी भी नहीं। सर्वविदित है कि साल 2024 के 365 में से केवल 33-34 दिन ही लोगों को सांस लेने के लिए ठीक हवा मिली। सितंबर के अंत में मानूसन विदा हो जाता है। धीरे-धीरे पारा में कमी और हवा की गति मंथर होने पर आबोहवा खराब होने लगती है। जितना तापमान गिरेगा, उतना ही पॉल्यूशन बढ़ेगा, अगर हवा की गति कम है तो।

### छवि को दाग लगने से बचाने का प्रयास

वैश्विक प्रदूषण सूची में भारत टॉप में है। यहां 20 सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से 13 शहर भारत के हैं। इससे देश के सिस्टम की छीछालेदर लगातार होती रहती है। ऐसे में ये भी हो सकता है कि भारत सरकार सीएएक्यूएमएस से एक्यूआई डाटा मैनिपुलेट कर रही हो। ताकि भारत की दुनिया में प्रदूषित आबोहवा को लेकर और ज्यादा छवि खराब न हो। विकसित देश प्रदूषित देशों को दूसरे दर्जे का मानते हैं। कई बार अंतर राष्ट्रीय संस्थाएं भी आर्थिक मदद करने से पहले देश का कई दृष्टिकोण से आंकलन करती हैं। इसमें पर्यावरण भी शामिल होता है।



## राज्यपाल ने किया सिल्वर मेडल विजेता गुलशन को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

1 नवंबर 2025 हरियाणा के 60वें स्थापना दिवस पर राज्यपाल हरियाणा प्रो असीम कुमार घोष, केंद्रिय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की गरिमामय उपस्थिति में राज भवन चंडीगढ़ में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर रोहतक के गुलशन शर्मा को ताईपे ताईवान में मई 2025 में सम्पन्न हुई वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स में 4x100 मीटर रिले रेस व 4x400 मीटर रिले में दो सिल्वर मेडल जीतने पर राज्यपाल ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया और होंसला बढ़ाया। गुलशन शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिट इंडिया, नशा मुक्त भारत व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मिट्टी से मेडल तक थीम पर समय-समय पर बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में अपना योगदान हमेशा देते रहे हैं। यह दिन हमारे समृद्ध इतिहास, संस्कृति और मेहनत कश लोगों के समान का प्रतीक है। मौके पर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सुफी गायक शर्मिंदर शम्मी, रंगमंच कलाकार दिपिका, सुरेश मौजूद रहे।

मॉडल संस्कृति स्कूल मोखरा में कार्यक्रम

### शिक्षकों ने विद्यार्थियों को दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश



**महम।** मॉडल संस्कृति स्कूल मोखरा में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता का संदेश देते शिक्षक।

- समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ

**महम।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोखरा में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य अनुज मलिक ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. अजय कौशिक राजनीति विज्ञान प्रवक्ता, ने सरदार पटेल के जीवन एवं उनके राष्ट्र की एकता और अखंडता में योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय प्रभारी सुरेश सरोहा तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश दाँगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें राष्ट्रीय एकता में युवाओं की भूमिका विषय पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने विचार प्रस्तुत किए। सभी स्वयं सेवकों को कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सतीश दांगी द्वारा राष्ट्रीय एकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रशासन ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अनुज मलिक ने कहा कि पटेल के आदर्श आज भी युवाओं को देश की एकता और समरसता के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# आईबी स्कूल में नटखट एडवेंचर कैंप का आयोजन

- बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ सभी खेलों का आनंद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईबी स्कूल में कैंप नटखट एडवेंचर का आयोजन किया गया। इस कैंप में नर्सरी से लेकर कक्षा 6वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक और बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कैंप के दौरान बच्चों के लिए रोमांचक एवं मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गईं जिनमें ज़िप लाइन, वॉल क्लाइम्बिंग, कमांडो नेट, लेज़र बीन, कमांडो क्रॉल, बर्मा ब्रिज, म्यूज़िक ज़ोन और ट्रैम्पोलिन जैसी एडवेंचर एक्टिविटीज़ शामिल थीं।इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में साहस, आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व गुणों का विकास हुआ। बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ सभी खेलों का आनंद लिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्या डा. मनोज कुमार सिह ने बताया कि ऐसे एडवेंचर कैंप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भविष्य में भी ऐसे आयोजन विद्यालय में निरंतर किए जाते रहेंगे। दिनभर चला यह कैंप बच्चों के लिए एक रोमांचक, आनंदमय और अविस्मरणीय अनुभव रहा।





हुतात्मा दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

# शिविर में 100 से अधिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक पुनीत कार्य में योगदान दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हुतात्मा दिवस के अवसर पर कारसेवा में बलिदान हुए वीर हुतात्माओं की पावन स्मृति को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजनविश्व हिन्दू परिषद प्रांत कार्यालय, भारत भक्ति आश्रम में किया गया। जिसमें 100 से अधिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाजसेवा के इस पुनीत कार्य में योगदान दिया। रक्त संग्रह का कार्य पीजीआईएमएस रोहतक की प्रशिक्षित मेडिकल टीम द्वारा अत्यंत वैज्ञानिक और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हुआ। टीम ने रक्तदान से पूर्व सभी रक्तदाताओं का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। महामण्डलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरा नंद महाराज, महामण्डलेश्वर स्वामी अनुभूता नंद महाराज, स्वामी शंकरानंद, महामण्डलेश्वर विद्या स्वरूप, महामण्डलेश्वर माता महेश्वरी देवी एवं संत जगदानंद सरीखे संतों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को दिव्यता और आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की।

आयोजन में बजरंगदल नगर संयोजक पौरुष , जिला मंत्री केशव भारद्वाज , सह मंत्री कमल सुनेजा , तथा जिला संगठन मंत्री कमल शास्त्री की सक्रिय भूमिका रही। उनके नेतृत्व में शिविर अनुशासन, सेवा और सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न हुआ।



रोहतक। आयोजित शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते महामण्डलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरा नंद महाराज, महामण्डलेश्वर स्वामी अनुभूता नंद महाराज, स्वामी शंकरानंद,विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी व बजरंगदल के सदस्य।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर हरियाणा प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम, विभाग कार्यवाह देवेंद्र, जिला कार्यवाह सुनील, जिला प्रचारक, जिला अध्यक्ष राजीव मलिक , प्रांत कार्यकारिणी सदस्य चरणजीत खट्टर, प्रांत सह कोषाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, सह प्रांत संयोजिका मातृशक्ति सरला बहन, जिला संयोजिका सुनीता, जिला विशेष संपर्क प्रमुख गुलशन, जिला गौ रक्षा प्रमुख प्रिंस,प्रांत प्रचार टोली सदस्य विजय सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005



मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

धोखाधड़ी होने पर आनलाइन शिकायत दर्ज करवाएं

# ऑनलाइन लोन एप से रहें सावधानः पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

साइबर अपराधी लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के लिए समय-समय पर नई तकनीक का सहारा ले रहे हैं। अब आरोपी लोगों को लोन एप के जरिये निशाना बनाकर उनकी जेब खाली कर रहे हैं।

हाल ही में ऐसे कई मामले सामने आए हैं। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि साइबर अपराधियों से बचनें के लिए खुद को जागरूक व सावधान रखने की आवश्यकता है। अपराधी आए दिन नई नई लोन एप के जरिये लोगों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। हालांकि पुलिस उन्हें गिरफ्तार भी कर रही है लेकिन आमजन को सावधान रहने की भी जरूरत है। पैसे ट्रांसफर करनें वाले मोबाइल एप का भी सावधानीपूर्वक प्रयोग करें।

### यहां कर सकते हैं शिकायत



पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा कि अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी हो जाती है तुरंत नेशनल साईबर कंप्लेंट पोर्टल नंबर 1930 पर कॉल करें और **www.cybercrime.gov.in** पर आनलाईन शिकायत दर्ज करवायें जितनी जल्दी हो सके तुरन्त कम्पलेंट न.1930 या डायल 112 पर कंप्लेंट कर शिकायत दर्ज करवाये और इसके अलावा नजदीक पुलिस स्टेशन में जाकर साइबर हेल्प डेस्क अथवा साइबर क्राइम थाना की मदद लें।

### इन बातों का रखना होगा ध्यान

- फोन में प्राप्त ओटीपी या बैंक सम्बन्धी जानकारी किसी अनजान व्यकित के साथ सांझा ना करें ना ही किसी फोन में प्राप्त किसी अनजान लिंक इत्यादि पर क्लिक करें और सोशल मीडिया (फेसबुक तथा इंस्टाग्राम) पर प्राइवेसी सिक्योरिटी लगाकर रखे।
- अपने अकाउंट का मजबूत पासवर्ड बनाए और समय-2 पर बदलते रहें।
- अगर आप किसी ऑनलाइन ऐप से लोन ले रहे हैं तो सावधान रहें, क्योंकि पहले ये एप चंद मिनट में ऑनलाइन लोन देते हैं और लोन अप्रूवल करवाने के नाम पर एप्लीकेशन इंस्टॉल करवा कर फोन हैक कर लेते हैं इसके बाद फोन से सभी निजी डेटा भी चुरा लेते हैं इसके बाद लोन लेने वाले ग्राहक के परिजनों या दोस्तों को अश्लील मैसेज भेजने की धमकी देकर कर लोन लेने वाले ग्राहक को ब्लैकमेल किया जाता है।
- हर किसी एप्लिकेशन से लोन नहीं लेना चाहिए और लोन लेने से पहले सभी शर्तों को पढ़ना चाहिए क्योंकि लोन अप्रूवल करवाने के लिए एप्लीकेशन इंस्टॉल करवा कर हैकर आपके फोन का सारा डाटा चुरा लेते हैं इन चीजों को ध्यान में रखना चाहिए ।
- मनी ट्रांसफर एप्लीकेशन (गुगल पे, फोन पे.) आदि को सावधान पूर्वक प्रयोग करें याद रहे जब भी आप इन एप्स के द्वारा अपनें बैंक की पिन डाल रहें है तो पैसा आपके खाते से किसी दुसरे के खातें में जा रहा है और इन एप्स के माध्यम से प्राप्त मनी रिक्वेस्ट इत्यादि पर क्लीक ना करें इसे तुरन्त डिलिट करे दें इसके अलावा किसी व्यक्ति के द्वारा बताए गए किसी भी ऑफर या किसी प्रकार का लालच मे ना फसें।

### छात्रों ने क्रिएटिव डिजाइनिंग की आधुनिक तकनीकें सीखी



यूआईईटी के वेलनेस क्लब द्वारा कैनवा वर्कशॉप का आयोजन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के वेलनेस क्लब की ओर से आज कैनवा वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन निदेशक प्रो. अश्वनी कुमार ढींगड़ा के संरक्षण में किया गया। इस वर्कशॉप का सफल संचालन वेलनेस क्लब के प्रभारी एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक डॉ. सुमित मोर के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन की देखरेख डॉ. नेहा खुराना और डॉ. गुरदयाल ने की, जबकि कविता भी सत्र के दौरान उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन आर्यन ने किया तथा गुरमुख और राधिका ने समन्वय में सक्रिय भूमिका निभाई। वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को ऑनलाइन डिजाइन प्लेटफ़ॉर्म कैनवा से ग्राफिक डिज़ाइन की मूल बातें सिखाना था।